महत्वपूर्ण एवं खास

पुलिस आब्जर्वर ने सराईपाली रोड के चेकपोस्टों का किया जांच

सारंगढ़-बिलाईगढ़। पुलिस आब्जर्वर राजेन्द्र कुमार मीणा ने सरायपाली रोड स्थित 7 एफएसटी जांच दलों के कार्यों का निरीक्षण किया। सरहदी नवागढ़ चेकपोस्ट में एफएसटी दल के कार्यों का निरीक्षण किया। मीणा ने रजिस्टर में दर्ज अब तक जांच दल द्वारा की गई चेकिंग का विवरण आदि का अवलोकन किया। मीणा ने दल के सदस्यों से इस रोड में आवागमन वाहनों के संबंध में जानकारी ली। मीणा ने एक ढाबा में जाकर ढाबा मालिक और उनके कर्मचारियों से बातचीत की।

नक्सलियों ने बैनर लगाकर, नेताओं को जान से मारने की दी धमकी

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच नक्सली अपनी हरकतों से आज नहीं आ रहे हैं. वहीं प्रथम चुनाव के ठीक एक दिन पहले नक्सलियों ने पर्चा फेंका और बैनर लगया है. जिसमें भाजपा नेता की हत्या के बाद अब कांग्रेस नेताओं को मौत के घाट उतारने की धमकी दी है. यह ममला नारायणपुर थाना क्षेत्र समेत अलग-अलग इलाकों का है. जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिले के अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों ने धमकी वाला पोस्टर लगाया और पर्चा फेंका है. वहीं नक्सलियों ने एक बैनर जिला मुख्यालय के अंदर पहाड़ी मंदिर के पास लगया है. जिसमें 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की धमकी दी है. इससे इलाके में दहशत का माहौल है।

गारमेंट फेक्ट्री मे अज्ञात लोगों ने की आगजनी, लाखों का सामान जल कर हुआ खाख

बीजापुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत ईटपाल पंचायत के मांझीगुड़ा में स्थित बीजापुर गारमेंट फेक्ट्री मे अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में लाखों का सामान जल कर खाख हो गया है। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबु पा लिया है। ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देशय से शासन प्रशासना द्वारा उक्त गारमेंट फेक्ट्री की स्थापना कर सैकडो युवती व महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा था। इस घटना के सम्बन्ध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा फेक्ट्री में आगजनी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गये हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

माजदा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। सारागांव एबीसी स्कूल के सामने माजदा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नीरेन्द्र कुमार टंडन 20 वर्ष ग्राम कुसमुंदा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी सारागांव एबीसी स्कूल के सामने माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमसी 7291 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में नीरेन्द्र कुमार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

10वीं पास युवतियों को सॉफ्टवेयर इंजीनियर की फ्री ट्रेनिंग

रायपुर (आरएनएस)। नव गुरुकुल संस्था द्वारा रायपुर जिले में नि:शुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। रिक्त सीट पर अभी भी प्रवेश के अवसर हैं, प्रवेश की इच्छुक योग्य युवतियां लिंक पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते है। ऐसे उम्मीदवार जो पूर्व में आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में किसी वजह से पिछड़ गए थे, वे भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार के आधार पर होगा।

बैटिंग एप महादेव बुक-रेड्डी अन्ना के साथ 22 एप पर केन्द्र ने लगाया बैन, अब तक करोड़ों की नगदी हो चुकी बरामद

❐ सीधे-सीधे मनी लॉड्रिंग से जुड़ गया है मामला



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के साथ ही पूरे देश में चर्चित हुए महादेव बुक एप के साथ ही 22 बैटिंग एप पर आखिरकार केन्द्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें बैटिंग एप रेड्डी अन्ना का भी नाम शामिल है। इन एप पर प्रतिबंध लगने के बाद छत्तीसगढ़ में चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ में अचानक चर्चा में आया बैटिंग एप महादेव बुक के तार धीरे-धीरे सफेदपोशों तक पहुंच रहे हैं। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय)इस प्रकरण में लगातार नए-नए खुलासे कर रही है। हाल ही में ईडी के नए खुलासे ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल ला दिया है। महादेव बुक का मुद्दा न केवल छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है बल्कि अब यह प्रकरण पूरे देश में भी चर्चित हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव बुक एप को प्रतिबंध करने के लिए हाल ही में एक पत्र सीधे सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित किया था। मंत्रालय ने भी इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महादेव बुक एप के साथ ही बैटिंग एप रेड्डी-अन्ना के साथ 22 अन्य बैटिंग एप को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है।

मनी लांड्रिंग से जुड़ा है मामला :

जानकारों की माने तो एक ओर केन्द्र सरकार की एजेंसियां देश में मनी लॉड्रिंग को रोकने हर तरह से प्रयासरत हैं तो वहीं बैटिंग एप के माध्यम से यह काम दूसरे तरीके से पूरा किया जा रहा था। हाल ही में आयकर विभाग की टीम ने भी छत्तीसगढ़ के कई प्रमुख शहरों में दबिश देकर कार्रवाई की थी। वहीं ईडी की टीम लगातार इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। ईडी द्वारा हाल ही में किए गए खुलासे ने पूरे प्रदेश में भूचाल ला दिया है। करोड़ों रूपए के लेनदेन के आरोप लगने के बाद इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चल रहा है।

इस मुद्दे में अब यह भी शामिल हो गया है कि यदि बैटिंग एप के माध्यम से मनी लॉड्रिंग हो रही थी तो इसे रोकने के लिए राज्य सरकार सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सीधे पत्र लिख सकती थी और प्रतिबंध लगाने की मांग कर सकती थी। इसके अलावा राज्य सरकार भी अपने स्तर पर इसे रोकने प्रयास कर सकती थी। बावजूद इसके बैटिंग एप पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

विदेश से संचालन :

ईडी के अब तक के छानबीन व कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि बैटिंग एप महादेव बुक का संचालक सौरभ चंद्राकर सरगना और रवि उप्पल विदेश में बैठकर इसे संचालित कर रहे हैं। विदेश में रहकर वे लगातार इस एप के माध्यम से लाखों-करोड़ों रूपए कमा रहे हैं तथा हवाला के माध्यम से यही पैसा वापस पहुंचा रहे हैं।

करोड़ों की नगदी हुआ है जब्त :

ईडी ने हाल ही में एक वाहन चालक असीम दास व बप्पा नामक व्यक्ति के घर से 5 करोड़ 39 लाख से ज्यादा रकम बरामद किया था। इसी तरह बैंक खातों में जमा 15 करोड़ 59 लाख रूपए भी जब्त किया था। वहीं ईडी की टीम ने भिलाई के आरक्षक भीमसिंह यादव को भी इस मामले में पकड़ा है। वहीं उसके भाई सहदेव की तलाश की जा रही थी। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की भूमिका की जांच हो रही है।

स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते मिले 5 जुआरियों के फड से 25,500 रुपए जब्त

❐ पंडरीपानी मैदान में जुआ खेल रहे जुआरियों को चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल ने घेराबंदी कर पकड़ा

रायगढ़। दीपावली के दौरान जुआ खेलने वालों पर पुलिस विशेष निगाह रख रही है। अधिकांश जुआ सुनसान इलाकों में होते हैं, जहां जुआ खेलने के दौरान विवाद, मारपीट अपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश गए हैं कि किसी भी इलाके में जुआ की सूचना पर तत्काल छापेमारी कर किया जावे। ऐसे में थाना प्रभारीगण मुखबीर लगाकर सूचनाओं पर कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी क्रम में कल दिनांक 05/11/2023 के रात्रि थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि पंडरीपानी मैदान पर कुछ जुआरियन 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने बैठे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी द्वारा थाना चक्रधरनगर द्वारा साइबर सेल के स्टाफ़ को बुलाकर संयुक्त टीम तैयार कर रेड कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर मौके से 5 जुआरी - (01) विरेंद्र बंजारे पिता प्रेम दास बंजारे उम्र 35 वर्ष सा. पडरीपानी थाना चक्रधरनगर रायगढ़ (02) शिव सेठ पिता स्व मृचो राम सेठ उम्र 35 वर्ष सा. मनुवापाली थाना चक्रधरगर रायगढ़ (03) अजेश झा पिता सूरज झा उम्र 27 वर्ष सा. मनुवापाली थाना चक्रधरनगर रायगढ़ (04) विशाल मंडल पिता विश्वनाथ उम्र 23 वर्ष साकिन टीवीटावर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ (05) भावेश वर्मा पिता भुनेश्वर वर्मा उम्र 29 वर्ष साकिन लाल ठंकी दुर्गा थाना कोतवाली को पकड़ा गया है, कुछ जुआडियान अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए पकड़े गए। मौके पर जुआरियों और उनके जुआ फड से पुलिस ने कुल ₹25,500 नगदी और ताश गड्ढी की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के हमराह प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव,चन्द्र कुमार बंजारे ,सायबर से महेश पण्डा ,सुरेश ,विक्रम सिह, नवीन शुक्ला और विकास प्रधान की जुआ रेड में अहम भूमिका रही है।

व्यय प्रेक्षक ने शुरू किया प्रत्याशी के व्यय लेखा का प्रथम जांच

सारंगढ़-बिलाईगढ़। व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने जनपद पंचायत सभाकक्ष सारंगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का मिलान और प्रथम जांच शुरू किया। इस अवसर पर अभ्यर्थी और अभ्यर्थी के एजेंट ने व्यय लेखा का हिसाब प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि इस व्यय लेखा का 10 नवंबर 2023 को द्वितीय जांच और 15 नवंबर 2023 को तृतीय जांच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जिसमें प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि-एजेंट को समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

मध्याह्न भोजन वितरण में लापरवाही बरतने के आरोप में चारों बीईओ को डीईओ ने दिया नोटिस

कोरबा (आरएनएस)। जिले में प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों को मध्याह्न भोजन वितरण में भारी लापरवाही बरतने का आरोप लगा हैं। बताया जा रहा हैं की इससे बच्चों के शारीरिक विकास में कमी आ रही है। इसे लेकर लोक शिक्षा संचनालय के निर्देश पर डीईओ ने कोरबा, करतला, कटघोरा व पोड़ी-उपरोड़ा के बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिवस के भीतर जानकारी नहीं देने पर सख्त कार्रवाई की बात कही है।

जिला शिक्षा विभाग की ओर से नोटिस जारी कर कहा गया हैं कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजनांतर्गत सितंबर 2023 का राज्य सॉफ्टवेयर में दैनिक प्रविष्टि विकासखंड कार्यालय में शालावार एवं तिथिवार की गई है। इसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि राज्य कार्यालय में प्राप्त पत्र साथ संलग्न सूची में दर्शित शालाओं में उल्लेखित तिथियों में मध्यान्ह भोजन नहीं दिया गया है। इन तिथियों में शाला के प्रधानपाठक व मध्यान्ह भोजन प्रभारी शिक्षकों की ओर से मोबाइल एप्प में भी दैनिक जानकारी नहीं भेजी जा रही है। योजना की नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इसके लिए राज्य कार्यालय से नोटिस जारी किया जा रहा है। इससे जिले की छवि धूमिल हो रही है।

नोटिस जारी होने के बाद से जिला शिक्षा विभाग में हडक़ंप मच गया है। विभागीय अफसर कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पाली को छोड़ पांचों ब्लॉक के अधिकारियों पर डीईओ ने नाराजगी जताई है।

वृद्ध एवं दिव्यांगजनों ने घर में डाक मत पत्र से किया मताधिकार का प्रयोग

❐ बुजुर्ग और दिव्यांग के लिए डाक मत पत्र से मतदान तिथि है 7 और 8 नवंबर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 सारंगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ के 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन एवं दिव्यांगजन डाक मतपत्र से मत देकर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बन रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 के रूट क्रमांक 10, पेटी नंबर 10 के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 के रूट क्रमांक 05 और रूट क्रमांक 16 के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ दोनों ही विधानसभा क्षेत्र में कुल 9-9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें मतदाताओं ने 6 नवंबर को डाक मतपत्र के माध्यम से चुनाव चिह्न देखकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मतदान किया। इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र की सुविधा दी है। वयोवृद्ध एवं दिव्यांगजनों ने आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने 7 और 8 नवंबर 2023 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। ऐसे विकल्प भरे हुए मतदाता इन तारीखों में अपने घर में मतदान हेतु उपस्थित रहे। मतदाता अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी से पूछकर पूरी प्रक्रिया को समझ सकते हैं।

हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त कर तीन मवेशियों को उतारा मौत के घाट

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर झुंड से अलग हुए हाथियों ने गांव में घुसकर भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त कर तीन मवेशियों को मौत के घाट उतारा है। मकान में रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। घटना से सहमे ग्रामीणों ने जैसे तैसे रात गुजारी।

घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम हरदेवा की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 48 हाथियों का झुंड बीते कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इस दल में से 30 हाथी अलग हुए और रात्रि लगभग 11 बजे हरदेवा गांव में जा पहुंचे। जहां हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने यहां रहने वाले वीर सिंह के घर को तोड़ दिया। घर के बाहर बंधे तीन मवेशियों को भी हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृत मवेशियों में एक बैल व दो बछड़े शामिल है। इसके बाद भी हाथियों का उत्पात थमा नहीं । हाथियों ने सहदेव के मकान को ध्वस्त करते हुए वहां रखे चावल व अन्य खाद्य सामग्री को चट कर दिया। हाथियों का झुंड उत्पात मचाने के बाद जंगल की ओर कुच कर गया। हाथियों के उत्पात की खबर पर वन अमला मौके पर पहुंचा। हाथियों की निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि 18 हाथी सेमहरा और गाड़ा गोड़ा के बीच जंगल में विचरण कर रहे है। केंदई रेंज में सूरजपुर जिले से आए 11 हाथी लौट चुके है।

हाथियों ने अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। रात 11 बजे ग्रामीण अपने-अपने घरों में सो चुके थे। अचानक मकान ध्वस्त किए जाने के बाद उनकी नींद खुली। किसी तरह भाग कर उन्होंने जान बचाई। नहीं तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। निगरानी के बाद भी हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण आक्रोशित हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्थान अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

अब तक 3988 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान

❐ होम वोटिंग के माध्यम से 416 चिन्हांकित वृद्धजन तथा दिव्यांग मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 3988 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं और सेवा मतदाताओं से भी डाक मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 416 चिन्हांकित 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 111, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 141, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 95 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 69 चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की है।

इसी तरह निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा अब तक 3564 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 852, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 963, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 906 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 843 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। सेवा मतदाताओं से डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 8 है। होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं से अब तक कुल 3988 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 964, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से 1105, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से 1004 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से 915 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है।